मद संख्या:- 2

विषय :- वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक [बजट] पर विचार ।

प्राधिकरण का गठन वित्तीय वर्ष 1986-87 में हुआ था । वर्ष 1988-89 का बजट प्राधिकरण की बैठक दिनांक 16-3-89 में स्वीकृत हुआ था । वर्ष 1988-89 में किया गया व्यय बजट प्रस्तावों की सीमा के अंतर्गत ही है । भूमि अर्जन हेतु हडको एंव शासन से ऋण न प्राप्त हो पाने के कारण वर्ष 1988-89 के बजट अनुमान एंव वास्तविक आय-व्यय के आंकडों में अन्तर परिलक्षित हो रहा है। भावी योजनाओं हेतु ज्वालापुर में भूमि अर्जन का प्रस्ताव विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को प्रेषित किया गया है । ग्राम जगजीतपुर में भूमि अर्जन के प्रस्ताव में संशोधन किया जाना है । आशा की जाती है कि वर्ष 1989-90 में भूमि अर्जन हेतु हडको से ऋण प्राप्त हो जायेगा ।

प्राधिकरण द्वारा शिवलोक योजना हरिद्वार तथा ऋषिलोक योजना ऋषिकेश का क्रियान्वयन किया जा रहा है । वर्ष 89-90 में इन योजनाओं को पूरा करने का प्रयास किया जायेगा ।

प्राधिकरण की वर्तमान तथा भावी योजनाओं को दृष्टिगत रखाते हुए वर्ष 1989-90 का आय-व्ययक तैयार किया गया है जो प्राधिकरण के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।

Scanned by CamScanner

मद संख्या:- 2 वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक [बजट] पर विचार ।

प्राधिकरण के वर्ष 1989-90 के बजट प्रस्ताव पर विचारोपरांत सर्वसम्मति से प्रस्तावित बजट पर स्वीकृति प्रदान की गई। बजट का एक दृष्टि में विवरण परिशिष्ट-1 में संलग्न है ।

बजट चर्चा के दौरान श्री घनश्याम पंत, विशेष कार्य अधिकारी, पर्वतीय विकास ने सूचित किया कि ऋषिकेश, मुनिकी रेती एंव स्वर्गाश्रम क्षेत्र की विकास योजनाओं के लिए पर्वतीय विकास विभाग द्वारा अनुदान दिया जा रहा है । इसके लिए निश्चित योजनायें पर्वतीय विकास विभाग को प्रस्तुत की जानी चाहिए । ऋषिकेश और मुनिकी रेती स्थानीय निकायों के अध्यक्षों द्वारा सूचित किया गया कि योजनायें बनाने के लिए उनके पास तकनीकी स्टाफ नहीं है। इस पर उपाध्यक्ष, हरिद्वार विकास प्राधिकरण ने प्रस्तावित किया कि मुख्य नगर एंव ग्राम नियोजक द्वारा इन क्षेत्रों की विकास योजनायें बनाई जाय, जिन पर यदि कोई व्यय आता है तो हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा उसे सहर्ष दे दिया जायेगा । उपाध्यक्ष के इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया एंव ऋषिकेश और मुनिकी रेती के स्थानीय निकायों के अध्यक्षों से अनुरोध किया गया कि वे शीघ्र ही प्राधिकरण को लिखित रूप से सूचित करें कि उनके क्षेत्रों में कौन-कौन की योजनायें प्रस्तावित हैं ।

# हरिद्वार विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

## प्रस्तावित बजट वर्ष - 1989-90

हरिद्वार विकास प्राधिकरण की स्थापना मई, 1986 में हुई थी। अब तक शासन के आवास अनुभाग-1 से रू0 25.00 लाख तथा पर्वतीय विकास विभाग से रू0 15.00 लाख सीड कैपीटल के रूप में प्राप्त हुए हैं। दुर्बल आय वर्ग के भवनों के निर्माण हेतु शासन के आवास अनुभाग-1 द्वारा रू0 5,64,000=00 का ऋण मार्च, 1989 में प्राप्त हुआ है।

### वर्ष 1989-90 के प्रस्तावित आय-व्ययक पर संक्षिप्त टिप्पणी

1- राजस्व आय :-

वित्तीय वर्ष 1988-89 में राजस्व आय के मद में रू0 18.00 लाख की आय प्रस्तावित थी। इस मद में इस वित्तीय वर्ष में रू0 18.35 लाख की आय हुई है। इस प्रकार इस मद की आय अनुमानित आय से रू0 35,000/- अधिक है।

इस वित्तीय वर्ष 1989-90 में राजस्व आय की मद में रू0 29.35 लाख की आय प्रस्तावित की गई है।

2- राजस्व व्यय :-

वित्तीय वर्ष 1988-89 में राजस्व व्यय की मद में रू0 17.88 लाख का व्यय प्रस्तावित था। इस मद में वित्तीय वर्ष 1988-89 में रू0 13.65 लाख व्यय हुआ है। इस प्रकार इस मद में व्यय अनुमानित व्यय से रू0 4.23 लाख कम है।

3- पूंजीगत आय :-

वित्तीय वर्ष 1988-89 में इस मद में रू0 177.00 लाख की आय प्रस्तावित थी। इसके विरूद्ध शासन तथा अन्य श्रोतों से प्राप्त होने वाले प्रस्तावित ऋण रू0 95.00 लाख तथा शासन से प्रस्तावित अनुदान रू0 32.00 लाख के विरूद्ध कोई धन प्राप्त नहीं हो सका। आवासीय योजनाओं में पंजीकरण भी पर्याप्त मात्रा में नहीं हुआ अत:इस कारण मद में रू0 34.16 लाख की आय हुई।

वित्तीय वर्ष 1989-90 में इस मद में रू0 218.50 लाख की आय प्रस्तावित की गई है। इसमें भूमि अध्याप्ति, आवासीय योजना, निर्माण आदि हेतु रू0 125.00 लाख ऋण के रूप में लिया जाना प्रस्तावित है। शिवलोक तथा ऋषिलोक योजनाओं से रू0 37.50 लाख की आय होना संभावित है।

4- पूंजीगत व्यय :-

वित्तीय वर्ष 1988-89 में इस मद में रू0 164.10 लाख के व्यय का प्रस्ताव किया गया था। नवीन आवासीय एंव व्यवसायिक योजनाओं को अंतिम रूप न दिये जाने, शासन से ऋण प्राप्त न होने तथा चालू आवासीय योजनाओं के पूर्ण होने में अन्य विभागीय असहयोग के कारण कुछ व्यवधान होने से इस मद में रू0 38.85 लाख का व्यय वर्ष 1988-89 में हुआ है।

वित्तीय वर्ष 1989-90 में रू0 213.75 लाख के व्यय का प्रस्ताव किया गया है। इस वित्तीय वर्ष में नवीन आवासीय एंव व्यवसायिक योजनाओं के क्रियान्वयन, स्टेडियम निर्माण, अधिकारियों के आवासों का निर्माण व कार्यालय भवन का निर्माण आदि प्रस्तावित है।

Scanned by CamScanner

वर्ष 1989 - 90 का बजट :-

## ॥क॥ आय

| क्र०सं० | आय के शीर्षक | वर्ष 87-88 का वास्तविक लाख रू० में | वर्ष 88-89 का अनुमानित लाख रू० में | 31-3-89 तक वास्तविक लाख रू० में | वर्ष 89-90का प्रस्तावित लाख रू० में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1- | राजस्व आय | | | | |
| ॥1॥ | स्टाम्प शुल्क | - | 2.00 | - | 12.00 |
| ॥2॥ | विनियोगों से आय | 2.32 | 2.00 | 2.17 | 2.50 |
| ॥3॥ | भवन नियंत्रण विभाग की मदों से आय | | | | |
| ॥क॥ | मानचित्र शुल्क | 1.60 | 1.50 | 1.30 | 1.50 |
| ॥ख॥ | समाधान शुल्क | 1.13 | 1.25 | 2.23 | 2.00 |
| ॥ग॥ | लाइसेंस शुल्क | 0.28 | 0.25 | 0.11 | 0.10 |
| ॥घ॥ | न्यायालयों से प्राप्त अर्थदण्ड | - | 0.10 | - | 0.10 |
| ॥4॥ | प्रपत्रों की बिक्री | 0.62 | 0.10 | 0.07 | 0.10 |
| ॥5॥ | विकास शुल्क | 10.33 | 10.00 | 12.10 | 10.00 |
| ॥6॥ | भूमि उपयोग परिवर्तन शुल्क | - | 0.50 | - | 0.20 |
| ॥7॥ | ठेकेदारों की जमानत | - | 0.30 | - | - |
| ॥8॥ | पर्यवेक्षण शुल्क | - | - | 0.34 | 0.75 |
| ॥9॥ | विविध प्राप्तियां | 1.47 | - | 0.03 | 0.10 |
| | राजस्व आय का योग:- | 17.75 | 18.00 | 18.35 | 29.35 |

Scanned by CamScanner

वर्ष 1989-90 का बजट :-

(क) व्यय

| क्र०सं० | व्यय के शीर्षक | वर्ष 87-88 का वास्तविक लाख रू0 में | वर्ष 88-89 अनुमानित लाख रू0 में | 31-3-89 वास्तविक लाख रू0 में | वर्ष 89-90 का प्रस्तावित लाख रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | **राजस्व व्यय** | | | | |
| 1. | **अधिष्ठान के वेतन एंव भत्ते** | | | | |
| 1(1) | अधिकारियों एंव कर्मचारियों के वेतन एंव भत्ते | 3.40 | 6.00 | 5.78 | 10.00 |
| 1(2) | अवकाश नकदीकरण | 0.09 | 0.20 | 0.12 | 0.25 |
| 1(3) | सामुहिक बीमा योजना | 0.05 | 0.15 | 0.09 | 0.15 |
| 1(4) | बोनस | - | 0.30 | 0.16 | 0.30 |
| 1(5) | यात्रा भत्ता | 0.24 | 0.40 | 0.41 | 0.80 |
| 1(6) | चिकित्सा भत्ता | - | 0.05 | 0.03 | 0.10 |
| 1(7) | दैनिक वेतन | 0.60 | 1.00 | 0.31 | 0.50 |
| 2- | **बाहनों पर व्यय** | | | | |
| 2(1) | वाहन मरम्मत एंवअनुरक्षण | 0.27 | 0.40 | 0.22 | 0.40 |
| 2(2) | पैट्रोल / डीजल | 0.55 | 0.80 | 0.57 | 0.90 |
| 3- | **कार्यालय व्यय** | | | | |
| 3(1) | डाक टिकट | 0.02 | 0.06 | 0.04 | 0.06 |
| 3(2) | स्टेशनरी | 0.10 | 0.50 | 0.18 | 0.30 |
| 3(3) | कार्यालय भवन अनुरक्षण | 0.10 | 0.20 | 0.02 | 0.25 |
| 3(4) | टेलीफोन | 0.01 | 0.05 | 0.02 | 0.10 |
| 3(5) | पुस्तकें व समाचारपत्र क्रय | 0.01 | 0.05 | 0.02 | 0.05 |
| 3(6) | कानूनी व्यय | 0.03 | 0.10 | 0.01 | 0.10 |
| 3(7) | सत्कार व्यय | 0.06 | 0.15 | 0.03 | 0.15 |
| 3(8) | छपाई व्यय | 0.31 | 0.40 | 0.08 | 0.25 |
| 3(9) | विज्ञापन एंव प्रचार व्यय | 0.34 | 0.50 | 0.09 | 0.25 |
| 3(10) | आडिट फीस | - | 0.30 | - | 0.50 |
| 3(11) | बिजली उपकरण | 0.04 | 0.10 | 0.05 | 0.10 |
| 3(12) | विद्युत व्यय | 0.03 | 0.10 | 0.13 | 0.10 |
| 3(13) | विविध व्यय | 0.05 | 0.05 | 0.19 | 1.00 |
| 3(14) | अस्थाई अग्रिम | - | 0.05 | 0.25 | 0.10 |
| 3(15) | उपकरण व्यय | - | 0.05 | 0.05 | 0.10 |
| 3(16) | स्थाई अग्रिम | - | 0.02 | 0.01 | 0.02 |
| 4- | भण्डार के सामानों कामूल्य | - | 0-40 | - | - |
| 5- | **अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अग्रिम** | | | | |
| 5(1) | वाहन हेतु अग्रिम | - | 0.05 | - | - |
| 5(2) | भवन निर्माण अग्रिम | - | - | - | - |
| 6- | आधारिक पूंजी पर ब्याज का भुगतान | 4.47 | 5.00 | 4.48 | 5.50 |
| 7- | महायोजना सर्वेक्षण परव्यय | - | - | 0.31 | 5.50 |
| | राजस्व व्यय का योग:- | 10.77 | 17.88 | 13.65 | 22.35 |

Scanned by CamScanner

वर्ष 1989-90 का बजट :-

(ख) व्यय

| क्र0सं0 | व्यय के शीर्षक | वर्ष 87-88 का वास्तविक लाख रू0 में | वर्ष 88-89 का अनुमानित लाख रू0 में | 31-3-89 वास्तविक लाख रू0 में | वर्ष 89-90 का प्रस्तावित लाख रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|
| 2- | पूंजीगत व्यय | | | | |
| 1. | कार, जीप एवं मशीनरी संयंत्र भवन आदि | - | 1.50 | 0.32 | 1.50 |
| 2. | फर्नीचर एवं फिक्सर्स | 0.32 | 0.50 | 0.28 | 0.25 |
| 3. | आवासीय योजना हेतु भूमि का क्रय | | | | |
| 3(1) | टिबड़ी हरिद्वार में 5 एकड़ भूमि का क्रय | 8.85 | - | 5.90 | 7.00 |
| 3(2) | ऋषिकेश नगरपालिका की भूमि का क्रय | 4.80 | 9.60 | 5.00 | 5.00 |
| 3(3) | भावी आवासीय एवं व्यावसायिक योजना | - | 40.00 | - | 90.00 |
| 4. | आवासीय योजनाओं पर व्यय | | | | |
| 4(1) | शिवलोक हरिद्वार की आवासीय योजना | 1.89 | 23.50 | 8.15 | 20.00 |
| 4(2) | ऋषिकेश की ऋषिलोक आवासीय योजना | 0.68 | 47.00 | 19.20 | 35.00 |
| 5. | आवासीय योजनाओं को बनवाने पर व्यय | - | 1.50 | - | - |
| | हरिद्वार में स्टेडियम के निर्माण की योजना | - | 20.00 | - | 20.00 |
| | प्राधिकरण के अधिकारियों के लिए आवास निर्माण | - | 5.00 | - | 10.00 |
| | प्राधिकरण कार्यालय का निर्माण (शासन से अनुदान प्राप्त होने पर) | - | 10.00 | - | 10.00 |
| | केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण द्वारा पोषित योजनायें | | | | |
| | सुलभ शौचालयों का निर्माण | 13.65 | 5.50 | - | - |
| | सड़कों का निर्माण आदि | - | - | - | 15.00 |
| | …गत व्यय का योग:- | 30.19 | 164.10 | 38.85 | 213.75 |

Scanned by CamScanner

वर्ष 1989-90 का बजट :-

(ख) आय

| क्र०सं० | आय के शीर्षक | वर्ष 87-88 का वास्तविक लाख रू० में | वर्ष 88-89 का अनुमानित लाख रू० में | 31-3-89 तक वास्तविक लाख रू० में | वर्ष 89-90 का प्रस्तावित लाख रू० में |
|---|---|---|---|---|---|
| 2- | **पूंजीगत आय** | | | | |
| 2(1) | आधारिक पूंजी/ शासन से ऋण | - | - | 5.64 | - |
| 2(2) | पर्वतीय विकास विभाग से प्राप्त आधारिक पूंजी | - | 25.00 | - | 15.00 |
| 2(3) | स्थापना अनुदान | 1.00 | 2.00 | - | 1.00 |
| 2(4) | शिवलोक आवासीय योजना | | | | |
| | भूखान्डों/भवनों का पंजीकरण बिक्री आदि | 22.52 | 30.00 | 18.19 | 7.50 |
| 2(5) | ऋषिलोक (ऋषिकेश) की आवासीय योजना | | | | |
| | भवनों का पंजीकरण बिक्री आदि | 7.41 | 20.00 | 10.33 | 30.00 |
| 2(6) | केन्द्रीय गंगा प्राधिकरण की योजनायें | | | | |
| | सुलभ शौचालयों के निर्माण हेतु अनुदान | 20.50 | - | - | - |
| 2(7) | सड़क निर्माण हेतु शासन से अनुदान | - | - | - | 10.00 |
| 2(8) | स्टेडियम का निर्माण शासन से अनुदान | - | 20.00 | - | 20.00 |
| 2(9) | कार्यालय भवन हेतु शासन से अनुदान | - | 10.00 | - | 10.00 |
| 2(10) | ऋणों की प्राप्ति | | | | |
| (क) | हडको से | - | 20.00 | - | 75.00 |
| (ख) | बैंकों से | - | - | - | - |
| (ग) | शासन से (भूमि अध्याप्ति हेतु) | - | 50.00 | - | 50.00 |
| | योग :- | 51.43 | 177.00 | 34.16 | 218.50 |

# हरिद्वार विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

## बजट एक दृष्टि से

### वित्तीय वर्ष 1989 - 90

| | वर्ष 88-89 का अनुमानित (लाख रू0में) | 31-3-89 तक वास्तविक (लाख रू0में) | वर्ष 89-90 का प्रस्तावित (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| राजस्व आय | 18.00 | 18.35 | 29.35 |
| पूंजीगत आय | 177.00 | 34.16 | 218.50 |
| | 195.00 | 52.51 | 247.85 |
| राजस्व व्यय | 17.88 | 13.65 | 22.33 |
| पूंजीगत व्यय | 164.10 | 38.85 | 213.75 |
| कुल व्यय | 181.98 | 52.50 | 236.08 |
| अंतिम अवशेष | 13.02 | 0-01 | 11.77 |

Scanned by CamScanner